मानसा में वीरवार को पौधरोपण करते वालंटियर।

एक घंटे में दो लाख पौधे लगाकर बनाया रिकार्ड

मानसा। पंजाब के तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) की सहायक कंपनी वेदांता लिमिटेड ने मानसा में वीरवार को एक घंटे में दो लाख छह हजार पौधे लगाकर विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास किया। इस मुहिम में छह हजार से अधिक विद्यार्थियों, ग्रामीणों और स्थानीय स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। एक घंटे में पौधे लगाने के रिकार्ड के लिए टीएसपीएल गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड को आवेदन भेजेगा। इसके पहले आस्ट्रेलिया के पर्थ में व्हाइटमैन पार्क में एक घंटे में एक लाख 450 पौधे लगाए गए थे। वीरवार को कंपनी ने इस रिकार्ड को तोड़ा है। मानसा के करीब 200 एकड़ इलाके में सुबह 11.35 बजे से पौधरोपण शुरू किया गया जो 12.27 बजे संपन्न हुआ। टीएसपीएल के सीईओ पिलिप चाको ने कहा कि प्रोग्रेसिव पंजाब के आर्थिक विकास के लिए कंपनी वचनबद्ध है। वीरवार को पौधरोपण के लिए युवाओं में जबर्दस्त उत्साह था।